पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

प्रिन्टिंग टेक्नोलाजी में व्यापक सुधार कर समय के साथ उपयोगी बनायें - राज्यपाल

लखनऊः 28 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज लखनऊ में होटल टयूलिप में आयोजित लखनऊ प्रिन्टर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रिन्टर्स कानक्लेव का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रिन्ट जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रकाशकों को 'अनसंग हीरो (Unsung Hero) अवार्ड' एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान इलाहाबाद के श्री गौरव मोहन, कानपुर के श्री केशव प्रसाद द्विवेदी एवं श्री दिनेश, वाराणसी के श्री अनूप कुमार नागर एवं श्री शिव कुमार निगम, फैजाबाद के सर्वेन्द्र विक्रम सिंह, लखनऊ के चांद मल्होत्रा, मकबूल सुभानी एवं दिनेश मित्तल को दिया गया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि प्रिन्टिंग टेक्नोलाॅजी में व्यापक सुधार कर समय के साथ उपयोगी बनायें। प्रिन्टिंग उद्योग को व्यवसाय से जोड़ने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर प्रिन्टिंग का कोर्स एवं टेªनिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। प्रिन्टिंग में कौशल विकास से व्यवसाय को लाभ होगा। यदि एसोसिएशन की ओर से उन्हें इस संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त होता है तो वे डाॅ0 ए0पी0जी0 अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय से सम्पर्क करके उचित व्यवस्था कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यवसाय को विज्ञान की नई तकनीक के प्रयोग से ज्यादा लाभदायी बनाया जा सकता है।

श्री नाईक ने कहा कि प्रिन्टिंग उद्योग में महिलाओं को भी आगे आना चाहिए। हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति की हैसियत से उन्होंने यह महसूस किया है कि महिलाएं अधिक स्वर्ण पदक प्राप्त कर रही हैं। डिजायनिंग के क्षेत्र में महिलाओं का बहुत योगदान है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यवसाय में सबको साथ लेकर चलने से संगठन मजबूत होता है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रिन्टिंग में नई तकनीक के प्रयोग की आवश्यकता है। नई जानकारियों को व्यवसाय में प्रयोग करना चाहिए। कम्प्यूटर के माध्यम से अब डिजायनिंग, सैटिंग और प्रिन्टिंग के कार्य में बहुत परिवर्तन हुआ है। हर वर्ग के वाचक के लिए उसकी सविधा के अनुरूप प्रिन्टिंग होनी चाहिए। व्यवसाय में समय एवं लागत महत्वपूर्ण है। हिन्दी भाषी क्षेत्रों में प्रिन्टिंग का बड़ा बाजार है। उन्होंने कहा कि प्रकाशक गुणवत्तायुक्त और कम कीमत पर अपने ग्राहक की जरूरत को देखते हुए कार्य करें।

कार्यक्रम में आल इण्डिया फेडरेशन आफ मास्टर प्रिन्टर्स के अध्यक्ष श्री श्यामल बसु एवं लखनऊ प्रिन्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री जवाहर लाल भार्गव ने अपने विचार रखें तथा प्रिन्टिंग के संबंध में अपनी कुछ समस्याएं भी बतायी।

RI RAM NAIK
ourable Governor UP,
Chief Guest
AFFILIATE
AIFMP
AMBASSADOR
VILLAGE

A Lucknow Printers' Association Initiative
SHRI RAM NAIK
AFFILIATE
Print News

A Lucknow Printers' Association Initiative
AIFMP
AMBASSADOR VILLAGE
PRESENTS
THIRD Mega EVENT

Lucknow Printers' Association Initiative
Honourable

ucknow Printers' Association Initiative
SHRI RAM NAIK
Honourable Governor UP,
Chief Guest
AFFILIATE
AIFMP